# ४. कौशल पर आधारित उपक्रम

## ४.१ जिम्नैस्टिक

शरीर द्‌वारा की जानेवाली ताल और लयबद्‌ध गतिविधियों अथवा हलचलों को जिम्नैस्टिक कहते हैं। जिम्नैस्टिक करने के लिए शरीर का लचीला होना आवश्यक है । निम्न उपक्रम करने से पूर्व स्फूर्तिदायी अथवा उत्तेजक व्यायाम करना आवश्यक है ।



हैंड स्टैंड विथ सपोर्ट अर्थात सिर नीचे और पैर ऊपर करने हैं । शरीर का पूरा भार दोनों हाथों पर डालकर और अपने पैरों को ऊपर दीवार से सटाकर सिर नीचे और पैर ऊपर की स्थिति में स्वयं को लाया जाता है ।



दौड़ते हुए आकर हाथ को जमीन पर टिकाकर और लहर की तरह उछलकर पैरों पर खड़ा होने के कौशल को हैंड स्प्रिंग कहते हैं । हैंड स्प्रिंग जिम्नैस्टिक मैट अथवा गद्‌दे पर करना चाहिए । यह करते समय प्रारंभ में मार्गदर्शक तुम्हारी कमर को सहारा देकर सहायता करेगा । हैंड स्प्रिंग का अभ्यास करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि आस-पास कोई नुकीली वस्तु अथवा अन्य चीजें न हों । धीरे-धीरे इस कौशल में निपुण बन जाओगे।



- संभव हो तो फिल्म दिखाएँ । हैंड स्प्रिंग करवाते समय जिम्नैस्टिक मैट अथवा गद्‌दे का प्रयोग करें ।
- हैंड स्टैंड और हैंड स्प्रिंग करते समय प्रारंभ में कमर, पीठ और पैरों को सहारा देकर उचित स्थिति बनाने के लिए सहायता करें।

## ४.२ ऐथलेटिक्स

मैदानी खेल प्रतियोगिताओं को ऐथलेटिक्स कहते हैं । मैदानों और दौड़ने के मार्ग पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं को संयुक्त रूप में ऐथलेटिक्स कहते हैं । दौड़ना, कूदना और फेंकने की विभिन्न प्रतियोगिताओं का ऐथलेटिक्स में समावेश होता है ।

१०० मीटर, २०० मीटर दूरी की अति तेज गति से दौड़ने की प्रतियोगिताएँ ।



**मेरी कृति :**

- निम्न चित्रों का निरीक्षण करो ।
- चित्रों में दिखाई देनेवाला लड़का क्या कर रहा है ?
- उसके द्‌वारा की गई कृति क्या ऐथलेटिक्स वर्ग में आती है ?







◆ कम दूरी की तेज गति से दौड़ने की, विभिन्न छोटी-बड़ी गेंदें फेंकने की तथा एक स्थान पर अथवा दौड़ते हुए आकर ऊँची और लंबी कूद लगाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाएँ । सुरक्षा का ध्यान रखें । खेल प्रतियोगिताएँ देखने का आयोजन करें । ◆ विभिन्न ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की फिल्में दिखाएँ ।

## ४.३ खेलों के मौलिक कौशल

विभिन्न खेल खेलने के लिए उन खेलों के आवश्यक मौलिक कौशल अच्छी तरह से आत्मसात करने चाहिए । अलग-अलग प्रकार के खेलों के अलग-अलग मौलिक कौशल होते हैं । इन कौशलों का निरंतर अभ्यास करना आवश्यक है ।

### खेल और उनके कौशल

**कबड्डी**

- साँस साधना/ रोकना ।
- हाथ मारकर बाद /आउट करना ।
- पैर मारकर / उछालकर बाद / आउट करना।
- कमर पकड़ना ।
- टखना पकड़ना ।





**खो खो**

- खो मिलने पर सीधे उठकर खड़े होना ।
- बड़ी तेजी से एक के बाद दूसरे को खो देना ।
- खिलाड़ी का पीछा करते हुए उसे बाद/आऊट करना ।
- सर्पाकार दौड़ना ।
- चकमा देना / झाँसा देना ।

**हैंडबॉल**



**ड्रिबलिंग** : गेंद को टप्पे देना, गेंद को टप्पे देते हुए, हल्के से पटकते हुए दौड़ना ।

**थ्रोइंग / पासिंग** : अपने साथी खिलाड़ी की ओर गेंद फेंकना ।

**कैचिंग** : दोनों हाथों से गेंद को लपक लेना/लोकना ।

**शूटिंग** : कूदकर / उछलकर गेंद गोल पोस्ट में डाल देना ।

**गोल किपींग** : गोल पोस्ट में डाली जाने वाली गेंद को रोकना / पकड़ना ।

- खेल के कौशल किसे कहते हैं; यह समझा दें । विभिन्न खेलों के कौशलों की चर्चा करें । संभव हो तो उन कौशलों की फिल्म दिखाएँ ।

## ४.४ मानवी मीनारें

एक-दूसरों की पीठ पर, कंधों पर चढकर स्तर-पर-स्तर बनाने को मानवी मीनारें कहते हैं । इन मानवी मीनारों के कारण संतुलन, समन्वय, शारीरिक संतुलन और समन्वय साधने की क्षमता का विकास होता है। मीनारों का अभ्यास मैट अथवा गद्देवाले स्थान पर करना चाहिए । **मानवी मीनारों का अभ्यास करते समय शिक्षकों अथवा बड़े-बुजुर्ग व्यक्तियों की सहायता लेनी चाहिए तथा उनके निरीक्षण में प्रात्यक्षिक करें ।**









**मेरी कृति :** सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत की लय-ताल पर मीनारों की प्रस्तुति करो ।

- विद्यार्थियों की आयु, क्षमता और इच्छा का विचार करके मीनारों की रचना करें । पहले चित्र अथवा फोटो दिखाकर मीनारों के स्तरों की जानकारी दें । उचित स्थिति समझा दें । सुरक्षा की दृष्टि से उचित सावधानी लें ।
- मीनारों की प्रस्तुति विशेष समारोहों के अवसर पर ही करें । इसके लिए आवश्यक अभ्यास कराएँ । संभव हो तो मीनारों का प्रत्यक्षीकरण संगीत की लय-ताल पर करें; जिससे वे आकर्षक दीखेंगी ।

## ४.५ मैदान – खेल सामग्री

हमें इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि कौन–सा खेल किस सामग्री के साथ खेला जाता है । विभिन्न खेलों के लिए लगने वाली सामग्री की सूची बनाएँगे । क्या तुम बता सकते हो कि नीचे दर्शाए मैदान किन खेलों के हैं । इन खेलों के मैदानों की जानकारी प्राप्त करो । इन खेलों के लिए किन सामग्रियों की आवश्यकता होती है; उसकी जानकारी प्राप्त करेंगे ।


टेनिक्वाइट


हॉकी


टेनिस


बॉल बैडमिंटन


बास्केट बॉल


आट्यापाट्या

### खेल (नाम) और उसकी सामग्री


सॉफ्टबॉल


हॉकी स्टिक


फुटबॉल


स्पाइक्स


बॉक्सिंग ग्लोव्ज्

**मेरी कृति :** खेल (नाम) और उसकी सामग्री (चित्र); ऐसा पहचानने का खेल खेलो ।

- खेल के मैदानों और उन खेलों के लिए आवश्यक सामग्रियों की जानकारी दें । ऊपर दिए गए खेलों की सामग्री उपलब्ध न हो तो काल्पनिक रूप में पर्यायी खेल सामग्री का उपयोग करके खेल कौशलों की जानकारी दें ।
- विद्‌यार्थियों के दो गुट बनाएँ । प्रथम गुट खेल का नाम बताएगा और दूसरा गुट खेल सामग्री के नाम बताएगा । इसके बाद दूसरा गुट खेल का नाम बताएगा और प्रथम गुट खेल सामग्री के नाम बताएगा । इस तरह के खेल खेलवाए जा सकते हैं ।